नवीन मण्डी स्थल,पीलीभीत में स्थित तीन नग गोदामों की नीलामी/आवंटन सूचना

नवीन मण्डी स्थल पीलीभीत में पूर्व से निर्मित तीन नग गोदाम जिनकी क्षमता 250 एम0टी0 प्रति गोदाम है का आवंटन/खुली नीलामी दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को दोपहर 01:00 बजे मण्डी समिति के सभाकक्ष में उपनिदेशक (प्रशा0/विप0), राज्य कृषि उत्पादन मडी परिषद, बरेली की अध्यक्षता में किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक फर्मों/संस्था/कम्पनी (जिनके पास दो से अधिक गोदाम न हो) मण्डी समिति कार्यालय में रू. 295.00 नकद जमा करके आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा उसे पूर्ण रूप से भरकर आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण शुल्क रू. 1,70,000.00 (एक लाख सत्तर हजार) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न कर आवेदन पत्र दिनांक 15.12.2023 तक समय सायं 05:00 बजे तक समिति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। गोदाम के आवंटन में नियमानुसार आरक्षण अनुमन्य है। सक्षम स्तर से आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति समिति को उपलब्ध कराने पर ही आरक्षण का लाभ दिया जा सकेगा। गोदाम आवंटन नीलामी में केवल फर्म के आवेदक अथवा उसके द्वारा नामित प्रतिनिधि ही बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते है। बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये आवंटन कमेटी में निहित होगा। आवेदक मण्डी समिति का लाईसेन्सी या अधिसूचित एवं गैर निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के विपणन कार्य हेतु मण्डी समिति का पंजीकृत व्यापारी अथवा इच्छुक व्यक्ति गोदाम आवंटन की नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति को आवंटन के पश्चात् नियमानुसार मण्डी लाईसेन्स प्राप्त कर समस्त कार्यवाही पूर्ण करनी होगी। उच्चतम बोलीदाता के द्वारा स्वीकृत धनराशि की **50 प्रतिशत धनराशि** का भुगतान आर0टी0जी0एस0, बैंक ड्राफ्ट अथवा नकद अर्थात् **25 प्रतिशत धनराशि** नीलामी बोली अन्तिम होने के तुरन्त अथवा अगले कार्य दिवस में तथा **शेष 25 प्रतिशत धनराशि** आवंटन पत्र निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर जमा करना होगी। गोदाम आवंटन नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में सम्बन्धित पटल पर अथवा नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

क्र0	कुल रिक्त गोदामों की सं0	गोदामों की संख्यावार आरक्षण की स्थिति				न्यूनतम प्रीमियम (रू0 में)	पंजीकरण धनराशि (रू0 में)
		अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग		
01.	43,44,45	45	43	44	–	16,82,500.00	1,70,000.00

(अशोक कुमार) (सुनील कुमार)
सचिव नगर मजिस्ट्रेट/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
पीलीभीत

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति,पीलीभीत

पत्रांक कृ0उ0म0स0/गो0आ0/2023–24/1195 दिनांक– 30-11-2023

प्रतिलिपि

1–अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित।
2–उपनिदेशक (प्रशा./विप.), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, बरेली।
3–उपनिदेशक (निर्माण),राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,बरेली।
4–सम्भागीय लेखाधिकारी, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद बरेली।
5–सिस्टम एनालिस्ट, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,लखनऊ को इस आशय के साथ कि मण्डी परिषद/मण्डी समिति की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6–विज्ञापन व्यवस्थापक,हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनतम स्थान पर शासकीय दरों पर प्रकाशित कराकर बिल विज्ञापन प्रति के साथ समिति कार्यालय में भुगतान हेतु प्रेषित करें।
7–श्री घनश्याम दास मौर्य, चौकीदार को इस निर्देश के साथ कि कलेक्ट्रेट,तहसील सदर एवं नगर पालिका के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने हेतु।

30-11-23
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
पीलीभीत

Scanned with CamScanner